Code No. 59/1/1
कोड नं.

- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

POLITICAL SCIENCE
राजनीति विज्ञान

Time allowed : 3 hours ***Maximum Marks : 100***
निर्धारित समय : 3 घण्टे ***अधिकतम अंक : 100***

General Instructions :

(i) ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Marks for each question are indicated against it.*

(iii) *Question numbers **1** to **10** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **50** words each.*

(iv) *Question numbers **11** to **20** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

(v) *Question numbers **21** to **25** are of **eight** marks each. The answer to these questions should not exceed **200** words each.*

सामान्य निर्देश :

(i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये हैं।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1** से **10** का प्रत्येक प्रश्न **दो** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(iv) *प्रश्न संख्या **11** से **20** का प्रत्येक प्रश्न **चार** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न संख्या **21** से **25** का प्रत्येक प्रश्न **आठ** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

1. 'The concept of dharma is not the same as religion'. Comment. **2**

'धर्म को अंग्रेज़ी भाषा के 'रिलिजन' का पर्याय नहीं कहा जा सकता।' इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।

2. What is implied by a Laissez-Faire state ? **2**

अहस्तक्षेपकारी राज्य से क्या अभिप्राय है ?

3. Differentiate between Comparative Government and Comparative Politics. **2**

'तुलनात्मक सरकार' व 'तुलनात्मक राजनीति' में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

4. What do you understand by 'Dictatorship of the Proletariat' ? **2**

'सर्वहारा वर्ग की तानाशाही' से क्या अभिप्राय है ?

5. Describe universal franchise. **2**

सार्वभौमिक मताधिकार की व्याख्या कीजिए।

6. How far is it justified to have multi-member Election Commission in India ? **2**

भारत में बहु-सदस्यीय निर्वाचन आयोग का क्या औचित्य है ?

7. 'Rights imply duties'. Explain. **2**

'अधिकारों में कर्त्तव्य सन्निहित हैं।' इस कथन को समझाइए।

8. What is the role of two-party system in a democracy ? **2**

लोकतंत्र में द्विदल प्रणाली की क्या भूमिका है ?

9. Mention any **two** characteristics of the Party System in India. **2**

भारत में दलीय व्यवस्था की कोई **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

10. Mention any **two** countries north of India who are the members of SAARC. **2**

भारत के उत्तर में किन्हीं **दो** सदस्य-देशों का उल्लेख कीजिए जो सार्क में सम्मिलित हों।

11. Discuss the relationship between liberty and equality. **4**

स्वतंत्रता व समानता में परस्पर सम्बन्ध बताइए।

12. Describe the impact of globalisation on the state activities. **4**

राज्य की गतिविधियों पर विश्वीकरण का प्रभाव बताइए।

13. How far is it correct to say that liberalism implies individualism plus democracy ? **4**
उदारवाद को व्यक्तिवाद तथा लोकतंत्र का सम्मिश्रण कहना कहाँ तक उचित है ?

14. Write a brief note on structural-functional approach to the study of Comparative Politics. **4**
तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन में संरचनात्मक-कार्यात्मक पद्धति पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए।

15. What is the role of educational institutions in political socialization ? **4**
राजनीतिक सामाजीकरण में शिक्षा-संस्थाओं की क्या भूमिका है ?

16. Discuss any **two** electoral reforms needed in India. **2 + 2**
भारत में आवश्यक किन्हीं **दो** निर्वाचन सम्बन्धी सुधारों का विवेचन कीजिए।

17. What is the relevance of planning in the era of market economy ? **4**
बाज़ार (मार्केट) अर्थव्यवस्था के इस दौर में नियोजन की क्या प्रासंगिकता है ?

18. Discuss the role of National Women's Commission in reaching the goal of Women's Empowerment in India. **4**
भारत में महिलाओं की सक्षमता के लक्ष्य को पूरा करने में राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका बताइए।

19. What are the causes of rising communalism in India ? How can we curb them ? **4**
भारत में बढ़ते हुए सम्प्रदायवाद के क्या कारण हैं ? उन पर कैसे काबू पाया जा सकता है ?

20. Describe India's changing relations with the United States of America. **4**
संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भारत के बदलते सम्बन्धों की चर्चा कीजिए।

21. Define Law. What are the main attributes of a good law ? Describe the relationship between law and morality. **2 + 2 + 4**

OR

Define 'Human Rights' and distinguish them from 'Fundamental Rights'. Discuss the role of National Human Rights Commission in India. **4 + 4**

कानून की परिभाषा कीजिए। एक अच्छे कानून में किन-किन गुणों का होना जरूरी है ? कानून व नैतिकता में सम्बन्ध बताइए।

अथवा

'मानव अधिकारों' की परिभाषा कीजिए व उनमें तथा 'मौलिक अधिकारों' में अन्तर बताइए। भारत के राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की भूमिका बताइए।

22. Critically examine Gandhi's methods of Conflict Resolution. **8**

OR

What were the reasons for the rise and fall of Fascism. **8**

गांधी के संघर्ष समाधान की पद्धतियों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

अथवा

फासीवाद के उदय तथा पतन के क्या कारण थे ?

23. What do you understand by public opinion ? What are the prerequisites of sound public opinion ? **8**

OR

Write a critical note on the role of opposition parties in India. **8**

जनमत से क्या अभिप्राय है ? स्वस्थ जनमत के लिए किन-किन शर्तों का होना जरूरी है ?

अथवा

भारत में विरोधी दलों की भूमिका पर एक आलोचनात्मक नोट लिखिए।

24. What are the factors responsible for vast socio-economic inequalities in India ? What steps should be taken to bridge these gaps ? **4 + 4**

OR

Differentiate between regionalism and separatism. What factors are responsible for rising regionalism in India ? **4 + 4**

भारत में बड़ी सामाजिक-आर्थिक असमानताओं के पीछे क्या कारण हैं ? इन्हें कैसे कम किया जा सकता है ?

अथवा

'पृथकतावाद' व 'क्षेत्रवाद' में अन्तर स्पष्ट कीजिए। भारत में बढ़ते हुए क्षेत्रवाद के क्या कारण हैं ?

25. Differentiate between 'neutrality' and 'non-alignment'. Discuss India's role in the NAM. **4 + 4**

OR

Discuss India's role in the United Nations Organisation. **8**

'तटस्थता' व 'गुटनिरपेक्षता' में अन्तर स्पष्ट कीजिये। गुटनिरपेक्ष आन्दोलन में भारत की भूमिका बताइए।

अथवा

संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की भूमिका की चर्चा कीजिए।